# उपायुक्त का न्यायालय, गोड्डा।

**अधिहरण वाद संख्या–52/2022-23**

**सरकार**

**बनाम्**

**सुमन कुमार**

## –: आदेश :–

दिनांक 7/10/22

सरकारी वकील एवं विपक्षी के विद्वान अधिवक्ता को सुना। अभिलेख का अवलोकन किया।

मामला पोड़ैयाहाट थाना काण्ड संख्या–95/2022 दिनांक–31.05.2022 से संबंधित है। पुलिस अधीक्षक गोड्डा ने अपने पत्रांक–3649/अप0शा0 दिनांक–05.09.2022 से धारा–379/411/34 भा0द0वि0, 4/54 झारखण्ड लघु खनिज समनुदान नियमावली 2004 तथा खान एवं खनिज (विकास का विनियमन) अधिनियम 1957 का नियम 4 एवं 9/13 झारखण्ड खनिज (अवैध खनन पर रोक, परिवहन और भंडारण) नियम 2017 के तहत कांड में जप्त ट्रैक्टर निबंधन सं0–JH17J-3380, ट्रेलर निबंधन संख्या–JH17C-5365 तथा उस पर लदे बालू को राजसात करने के लिए प्रतिवेदन दिया है, जिसके आधार पर वर्तमान वाद की प्रक्रिया प्रारम्भ किया गया है।

पुलिस अधीक्षक, गोड्डा का प्रतिवेदन है कि वर्तमान कांड वादी मेघलाल टुडू, जिला खनन पदाधिकारी, गोड्डा के लिखित आवेदन के आधार पर प्राथमिकी अभियुक्त ट्रैक्टर निबंधन सं0–JH17J-3380, ट्रेलर निबंधन संख्या–JH17C-5365 के मालिक एवं चालक के विरूद्ध अवैध रूप से बालू की चोरी कर परिवहन करने में अंकित किया गया है एवं पर्यवेक्षणोपरांत प्रतिवेदन संख्या–02 में इस कांड को धारा–379/411/34 भा0द0वि0, 4/54 झारखण्ड लघु खनिज समनुदान नियमावली 2004 तथा खान एवं खनिज (विकास का विनियमन) अधिनियम 1957 का नियम 4 एवं 9/13 झारखण्ड खनिज (अवैध खनन पर रोक, परिवहन और भंडारण) नियम 2017 के तहत प्राथमिकी अभियुक्त ट्रैक्टर निबंधन सं0–JH17J-3380, ट्रेलर निबंधन संख्या–JH17C-5365 के मालिक एवं चालक के विरूद्ध सत्य पाया गया है तथा काण्ड में जप्त ट्रैक्टर निबंधन सं0–JH17J-3380, ट्रेलर निबंधन संख्या–JH17C-5365 के मालिक सुमन कुमार, पिता–श्रीधर पंडित, सा0+पो0–नवडीहा, थाना–पोड़ैयाहाट, जिला–गोड्डा के रूप में सत्यापित हुआ है। पुलिस अधीक्षक,

गोड्डा ने कांड में जप्त ट्रैक्टर निबंधन सं0–JH17J-3380, ट्रेलर निबंधन संख्या–JH17C-5365 एवं उस पर बालू के विरूद्ध धारा–379/411/34 भा0द0वि0, 4/54 झारखण्ड लघु खनिज समनुदान नियमावली 2004 तथा खान एवं खनिज (विकास का विनियमन) अधिनियम 1957 का नियम 4 एवं 9/13 झारखण्ड खनिज (अवैध खनन पर रोक, परिवहन और भंडारण) नियम 2017 के तहत राजसात करने के लिए अनुरोध किया है।

विपक्षी सुमन कुमार को कारण–पृच्छा दायर करने के लिए नोटिश दिया गया। विपक्षी के द्वारा कारण–पृच्छा दायर किया गया है। विपक्षी का कथन है कि विपक्षी के जप्त वाहन ट्रैक्टर निबंधन सं0–JH17J-3380, ट्रेलर निबंधन संख्या–JH17C-5365 वैध कागजात के आधार पर चलाया जा रहा था। विपक्षी के द्वारा कोई कानून का उल्लंघन नहीं किया गया है। विपक्षी को परेशान करने के लिए उनके वाहन को जप्त किया गया है। उनका आगे कथन है कि जिला जज, गोड्डा के द्वारा उन्हें जमानत दे दिया गया है। इसलिए उप पर राजसात की प्रक्रिया चलाना उचित नहीं है। उन्होंने जप्त वाहन को राजसात से मुक्त करने के लिए अनुरोध किया है।

सरकारी वकील का कथन है कि बालू परिवहन के कारण जप्त वाहन को राजसात करने के लिए वाद चलाया गया है। अवैध बालू प्रश्नगत वाहन द्वारा ले जाने के क्रम में जिला खनन पदाधिकारी, गोड्डा द्वारा जप्त किया गया है। पोड़ैयाहाट थाना काण्ड संख्या–95/2022 दिनांक–31.05.2022, भा0द0वि0 की धारा–379/411/34 तथा झारखण्ड लघु खनिज समनुदान नियमावली 2004 की धारा 4/54 तथा खान एवं खनिज अधिनियम 1957 का नियम 4 एवं 9/13 तथा झारखण्ड खनिज परिवहन एवं भंडारण अधिनियम 2017 के तहत जप्त कर पोड़ैयाहाट थाना में रखा गया है। आर्थिक क्षति को देखते हुए शर्तों के आधार पर जप्त वाहन को विमुक्त किया जा सकता है।

उपरोक्त तथ्यों एवं पुलिस अधीक्षक, गोड्डा के प्रतिवेदन से स्पष्ट होता है कि विपक्षी का ट्रैक्टर निबंधन सं0–JH17J-3380, ट्रेलर निबंधन संख्या–JH17C-5365 को अबंदोवस्त बालू घाट से बालू चोरी कर परिवहन करने में पकड़े जाने पर जप्त किया गया है। विपक्षी के द्वारा वाहन पर लदे अवैध बालू के संबंध में कोई भी वैध कागजात प्रस्तुत नहीं किया गया है। इससे स्पष्ट होता है कि जप्त वाहन अवैध तरीके से बालू चोरी एवं परिवहन में संलिप्त पाया गया है। लेकिन चूँकि जप्त वाहन खुले स्थान पर पड़ा हुआ है तथा वाहन का उपयोग नहीं होने पर आर्थिक क्षति होने की संभावना है। जिला खनन पदाधिकारी, गोड्डा ने झारखण्ड लघु खनिज समनुदान

नियमावली 2004 (यथा संशोधित) नियम 54(5) के तहत जुर्माना राशि से संबंधित प्रतिवेदन दिया गया है।

अतः झारखण्ड लघु खनिज समनुदान नियमावली 2004 (यथा संशोधित) नियम 54(5) के तहत खनिज मूल्य का दोगुनी राशि 8000.00 (आठ हजार) रू0 जुर्माना राशि एवं एक लाख रू0 का जमानत बंध–पत्र तथा निम्नलिखित शर्तों से संबंधित शपथ पत्र एवं एक स्थानीय जमानतदार का कागजात के आधार पर जप्त वाहन जप्त ट्रैक्टर निबंधन सं0–JH17J-3380, ट्रेलर निबंधन संख्या–JH17C-5365 को विमुक्त करने का आदेश दिया जाता है।

1. जब कभी भी न्यायालय को वाहन मालिक/वाहन की आवश्यकता होगी, अविलम्ब न्यायालय के आदेश का पालन करेंगे वो वाहन को न्यायालय में समर्पित करेंगे।
2. वाहन को किसी दुसरे के पक्ष में बिना न्यायालय के आदेश का हस्तांतरण नहीं करेंगे।
3. उक्त वाहन मालिक अपना हस्ताक्षरित आधार कार्ड पर मोबाईल नं0 अंकित कर समर्पित करेंगे।

विपक्षी जुर्माना की राशि जिला खनन पदाधिकारी, गोड्डा के कार्यालय में जमाकर रसीद की प्रति के साथ उपरोक्त शर्तों से संबंधित शपथ पत्र एवं एक लाख रू0 का जमानत बंध–पत्र तथा एक स्थानीय जमानतदार से संबंधित कागजात दाखिल करेंगे। आदेश की प्रति जिला खनन पदाधिकारी, गोड्डा एवं अन्य संबंधित को दें।

लिखाया एवं शुद्ध किया।

उपायुक्त,
गोड्डा। 27/10/22

उपायुक्त, 27/10/22
गोड्डा।

1/11/2022

डि0 क्रि0–112
28.10.22

# उपायुक्त का न्यायालय, गोड्डा।

**अधिहरण वाद संख्या–52/2022-23**

**सरकार**

**बनाम्**

**सुमन कुमार**

**–: आदेश :–**

दिनांक 16/11/22

अभिलेख उपस्थापित किया गया।

मामला पोड़ैयाहाट थाना काण्ड संख्या–95/2022 दिनांक–31.05.2022 से संबंधित है।

विपक्षी सुमन कुमार ने जप्त ट्रैक्टर निबंधन सं0–JH17J-3380, ट्रेलर निबंधन संख्या–JH17C-5365 को विमुक्त करने के लिए जुर्माना की राशि 8000.00 (आठ हजार) रू0 का रसीद की प्रति, एक लाख रू0 का जमानत बंध–पत्र के रूप में वाहन–JH17L-5863 से संबंधित कागजात, शर्तों से संबंधित शपथ पत्र एवं एक स्थानीय जमानतदार से संबंधित कागजात दाखिल किया है।

अतः दाखिल जुर्माना राशि एवं एक लाख रू0 का जमानत बंध–पत्र एवं शर्तों से संबंधित शपथ पत्र एवं एक स्थानीय जमानतदार के आधार पर उपरोक्त जप्त वाहन एवं उसमें लदे बालू को विमुक्त करने का आदेश दिया जाता है।

विमुक्ति हेतु आदेश की प्रति सभी संबंधित को निर्गत करें।

लिखाया एवं शुद्ध किया।

उपायुक्त, गोड्डा। 16/11/22

उपायुक्त, गोड्डा। 16/11/22

डि० सं०–136 18.11.22

Digitally signed by Zeeshan Qamer
Date: 2022.11.22 11:15:54 +05:30
Location: 172.25.48.1

Confiscation No. 52-2022-23